# आये गणपति आज मेरे अंगना में | By Rhythm & Sunil Warrior

गणपति बप्पा मोरिया
मंगल मूर्ती मोरिया

आये गणपति आज मेरे अंगना में
खुशियां लाये साथ मेरे अंगना में

गौरा माँ के लाल कहाये
सबसे पहले पूजे जाएँ
हो रही जयकार मेरे अंगना में
आये गणपति आज मेरे अंगना में
खुशियां लाते साथ मेरे अंगना में

गणपति बप्पा मोरिया
मंगल मूर्ती मोरिया

मस्तक चन्दन तिलक लगाए
भोले जी को साथ हैं लाये
बैठे हैं सरकार मेरे अंगना में
आये गणपति आज मेरे अंगना में
खुशियां लाते साथ मेरे अंगना में

लड्डुवन मोदक भोग लगाए
सोये मेरे भाग्य जगाएं
रहमत की बरसात मेरे अंगना में
आये गणपति आज मेरे अंगना में
खुशियां लाते साथ मेरे अंगना में

गणपति बप्पा मोरिया
मंगल मूर्ती मोरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87/